शुल्कों (Additional Excise Duty) में अपेक्षित संशोधन कर दे जिससे राज्य को और 50 लाख रू. मिलने की संभावना है।

योजना खर्च

वर्ष 1971–72 के बजट अनुमानों में 61.38 करोड़ रूप्ये के योजना परिव्यय की व्यवस्था की गई है जबकि चालू वर्ष के दौरान योजना का संशोधित व्यय 49.19 करोड़ रूप्ये है। यह वृद्धि 25 प्रतिशत की है। इसे शामिल करते हुए चौथी योजना के पहले तीन वर्षों के दौरान 159.72 करोड़ रूप्ये खर्च किये जायेंगे जबकि पांचों वर्षों के कुल व्यय का लक्ष्य 225 करोड़ रूप्ये ही था। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए हम अपने योजना सम्बन्धी कार्यक्रमों पर फिर से विचार कर रहे हैं ताकि और अधिक विकास तथा सामाजिक न्याय के लिये चौथी योजना के खर्च में समुचित वृद्धि की जा सके। इन उद्देश्यों को ध्यान में रखकर ही अगले वर्ष के वार्षिक योजना प्रस्ताव तैयार किये गये हैं। अब मैं इन प्रस्तावों की संक्षिप्त व्याख्या करूंगी।

कृषि विकास

यह आवश्यक है कि राज्य की आर्थिक प्रगति के किसी भी कार्यक्रम में कृषि तथा उससे सम्बद्ध सैक्टरों के विकास पर सबसे अधिक जोर दिया जाये। हमारे राज्य में ाश्त–योग्य कुल 82 लाख एकड़ों में से लगभग 50 लाख एकड़ रकबे में समय–समय

पर बाढ़ें आती रहती हैं तथा लगभग 20 लाख एकड़ रकबे में बार–बार सूखा पड़ता रहता है। अतः इन दोनों तरह के संकटों को जड़ से उखाड़ देने का लक्ष्य सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। कृषि विकास के कार्यक्रम के मुख्य अंगों में खेती के आधुनिक तरीकों को अमल में लाना और मशीनों द्वारा खेती, उपज को स्टोर करने तथ बेचने की पर्याप्त सुविधाएं जुटाना, किसानों को और खासकर छोटे किसानों को ऋण की पूरी सुविधाएं देना, पशु–धन बढ़ाना और खेती–बाड़ी पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना शामिल हैं।

सिंचाई तथा बाढ़ों की रोकथाम

बाढ़ नियंत्रण, बड़ी और दरमियानी सिंचाई परियोजनाओं और भूमि संरक्षण कार्यक्रमों पर चालू वर्ष के दौरान 7.98 करोड़ रूप्ये के परिव्यय की व्यवस्था है। अगल वर्ष इसे बढ़ाकर 12.26 करोड़ रूप्ये कर दिया गया है। यह बहुमुखी परियोजनाओं पर होने वाले खर्च के अतिरिक्त है। नहरी सिंचाई पर किये जाने वाले 9.42 करोड़ रूप्ये के खर्च में से लगभग आधा खर्च सूखे से लगातार पीड़ित रहने वाले क्षेत्रों को लाभ पहुचाने वाली स्कीमों पर किया जायेगा। यह इन क्षेत्रों को शीघ्र विकसित करने की हमारी राष्ट्रीय नीति के अनुरूप है। पहले से ही चालू और अगले वर्ष के लिये प्रस्तावित स्कीमों के पूरा हो जाने पर 20 लाख एकड़ सूखाग्रस्त रकबे में से लगभग 7 लाख एकड़ क्षेत्र

सिंचाई के अधीन लाया जा सकेगा। इस दिशा में इस वर्ष की विशेष शानदार सफलता जुई लिफ्ट सिंचाई स्कीम के प्रथम चरण के पिछली जुलाई में पूरा कर दियो जाने की है जिसमे तीन पम्प–घर तैयार किये गये और 45 मील की लम्बाई तक नहर का निर्माण कर लिया गया। इस परियोजना के अगली जुलाई तक मुकम्मिल हो जाने की आशा है। लोहारू सिंचाई परियोजना पर काम शुरू हो चुका है और जुलाई 1971 तक इसके 60 मील तक के भाग में सिंचाई का कार्य शुरू हो जायेगा। इस परियोजना से जहाजगढ़ और इससे निचले क्षेत्रों में ड्रेन नं. 8 के पानी के कारण होने वाले नुकसान पर भी काबू पाया जा सकेगा। वर्ष 1971–72 के दौरान इस परियोजना के लिये 2.75 करोड़ रूप्ये की व्यवस्था की गई है। सरस्वती और मारकंडा नदियों के एक लाख एकड़ फुट पानी को जमा करने तथा उसे प्रयोग में लाने के लिये तैयार की गई बीबीपुर झील की स्कीम के काम को पूरी तेजी से किया जायेगा जिस पर 51 लाख रूप्ये खर्च किये जायेंगे। हिसार के खुश्क इलाके की सिंचाई के निमित घग्घर तथा सिवानी नदियों की पानी लिफ्ट की स्कीमों पर काम शुरू करने के लिये 1 करोड़ रूप्ये नियत किये गए हैं।

अन्य महत्वपूर्ण स्कीमों में पश्चिमी यमुना नहर पुननिर्माण परियोजना (W.J.C. Remodelling Project) और गुड़गांव नहर परियोजना है जिनके लिये 1971–72 में 100 लाख रूप्ये की व्यवस्था की गई है। पश्चिमी यमुना नहर पुननिर्माण परियोजना से

करनाल, रोहतक, जींद और हिसार जिलों के 6.54 लाख एकड़ बंजर क्षेत्र को सिंचाई की सुविधाएं मिल सकेंगी। इसके अलावा पश्चिमी यमुना नहर द्वारा सिंचित वर्तमान 10.5 लाख एकड़ रकबे को अधिक पानी भी दिया जा सकेगा। गुड़गांव नहर से जिला गुउ़गांव के 3.23 लाख एकड़ रकबे को सिंचाई सुविधा मिलने की आशा है। गुड़गांव नहर को पानी देने के लिये ओखला बैरज परियोजना शुरू करने का प्रस्ताव भी है। इसी प्रकार ताजेवाला पर भी एक नई बैरज बनाने का प्रस्ताव है। बिजली बोर्ड इस बैरज को एक पन–बिजली स्कीम के लिये भी इस्तेमाल करने की योजना बना रहा है। नहरों में जल की सप्लाई बढ़ाने के लिये पश्चिमी यमुना नहर पर विशेष मुरम्मत का काम शुरू किया गया जिन के लिये 1969–70 तथा 1970–71 में 88 लाख रूप्ये का विशेष उपबनध किया गया था। इस कार्य को मुकम्मिल करने के लिये अगले साल के दौरान 19 लाख रूप्ये की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। अगली मौनसून तक दिल्ली पैरेलल ब्रांच को पक्का करने का काम मुकम्निल हो जाने की आशा है। इससे 150 क्यूसेक पानी की बचत होगी जो अब रिस कर व्यर्थ चला जाता है।

बाढ़ नियंत्रण

लोहारू सिंचाई और बीबीपुर झील स्कीमों की बाढ़ नियंत्रण उपयोगिता का जिक्र पहले ही किया जा चुका है। इसके

इलावा जिला रोहतक और जींद में 60 लाख रूप्ये की लागत से एक विस्तृत जल निकास प्रणाली का काम भी शुरू किया गया है। कनमैडा बांध पर भी काम आरम्भ कर दिया गया है। इस बांध से और राओली बांध से फिरोजपुर तथा नूह तहसीलों को काफी सुरक्षा मिलेगी। इसी कार्यक्रम के तहत 9 वर्गमील रकबे में फैली हुई कोटला झील का पानी निकाला जायेगा ताकि वहां रबी की फसल उगाई जा सके। इन स्कीमों के लिये 44 लाख रूप्ये की व्यवस्था की गई है। घग्घर नदी के बहाव को ठीक करने और सरस्वती तथा कैथल ड्रेनों के पुनर्निर्माण के लिये 15 लाख रूप्ये का उपबन्ध किया गया है। नारायणगढ़ के गांवों की सुरक्षा के लिये प्रस्तावित निर्माण कार्यों के लिये 10 लाख रूप्ये रखे गये हैं। कैथल, थानेसर और पुंडरी के क्षेत्रों में बाढ़ के पानी को निकालने के लिये जमीन नाले पर 10 लाख रूप्ए और पुंडरी नाले पर 15 लाख रूप्ये की लागत से निर्माण कार्य पूरे किये जायेंगे।

लघु सिंचाई

लघु सिंचाई निगम (Minor Irrigation Corporation) द्वारा अब भूमिगत जल स्त्रोंतो का पता लगाने और गहरे नलकूप खोदने की स्कीमें चालू की जा रही हैं। लगातार प्रयत्नों के फलस्वरूप महेन्द्रगढ़ तथा गुड़गांव जिलों में कृष्णावती के साथ–साथ झज्जर तहसील और जिला गुडगांव में साहबी नदी के

साथ–साथ तथा जिला गुड़गांव की बल्लबगढ़ और पलवल तहसीलों के कुछ स्थानीय क्षेत्रों में और हिसार तथा जींद जिलों के टोहाना, पोखरा, फतेहाबाद, दाहुदीन, सिरसा, सफीदों, जींद, राजथल तथा माधा क्षेत्र में मीठे पानी के स्त्रोंतो का पता लगया गया। 2 करोड़ रू. की लागत से बल्लबगढ़ तथा पलवल तहसीलों में और कृष्णावती बैल्ट के साथ लगने वाले क्षेत्रों में तथा दिल्ली शाखा के साथ–साथ 230 आवर्द्धक (Augmentation) नलकूप लगाने की स्कीमें कृषि पुनर्वित निगत (Agricultural Refinance Corporation) को उनकी मंजूरी और धन की व्यवस्था के लिये भेजी जा चुकी हैं। पुनर्वित निगम (Refinace Corporation) ने नारायणगढ़ तहसील में 170 नलकूप लगाने के लिये 1.70 करोड़ रूप्ये देने की बात पहले ही स्वीकृत कर ली है। साहबी नदी के क्षेत्र में 50 नलकूप लगाने की स्कीम तैयार की जा रही है और पश्चिमी यमुना नहर की सप्लाई को बढ़ाने के लिये दादूपुर और खूबरू के बीच 500 नलकूप लगाने के लिये जांच का कार्य शुय कर दिया गया है। इस समय तक की गई जांच पड़ताल के अनुसार आशा की जा सकती है कि केवल गहरे नलकूपों द्वारा ही 10 लाख एकड़ क्षेत्र के लिये अतिरिक्त सिंचाई की सुविधाएं जुटाई जा सकेंगी।

निजी क्षेत्र में किसानों को लघु सिंचाई यूनिट लगाने के लिये भूमि बन्धक बैंक (Land Mortgage Bank) द्वारा ऋण की सुविधाओं को बढ़ाने की कई स्कीमें चालू हैं। इस वर्ष अम्बाला के

छछरौली, बिलासपुर और बराड़ा ब्लाकों में 800 नलकूप, गुड़गांव के होडल, पलवल, पटौदी और बावल ब्लाकों में 600 नलकूप, हिसार के टोहाना, रतिया, रानीया और सिरसा ब्लाकों में 700 नलकूप और रोहतक के साल्हावास तथा नाहड़ ब्लाकों मे 800 नलकूप लगाने के लिये चार नई स्कीमें कृषि पुनर्वित निगम (Agricultural Refinance Corporation) द्वारा स्वीकृत की गई हैं। जिला महेन्द्रगढ़ के तीन और हिसार के एक ब्लाक में 1900 नलकूप लगाने की एक अन्य स्कीम की मंजूरी देने पर भी निगम विचार कर रहा है। दस हजार नलकूप लगाने की एक और स्कीम भी भेजी हुई है जो उस कृषि ऋण परियोजना का ही हिस्सा है जिसके लिये विश्व बैंक रूपया देगा। इसके इलावा ज्यादा से ज्यादा प्राइवेट कुओं को बिजली दी जा रही है। वर्ष 1968–69 के अन्त तक 43000 नलकूपो को बिजली दी गई थी और इस वर्ष के अन्त तक इनकी संख्या बढ़कर 87000 हो जाएगी। बिजली के कुल कनैक्टिड लोड का 42 प्रतिशत भाग अब कृषि कार्यों के लिये दिया जा रहा है जो भारत के किसी भी राज्य से अधिक है।

नहर, नशकूप और प्राइवेट कुओं के उपर्युक्त सिंचाई कार्यक्रमों से अब 41.26 लाख एकड़ क्षेत्र के सिंचाई होने लगेगी। 1969 में यह सिंचित रकबा कुल 32.41 लाख एकड़ था।

कृषि उत्पादन

सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के साथ–साथ बढ़िया किस्म के बीजों और अधिक मात्रा में खाद प्रयोग द्वारा खेती के आधुनिकीकरण पर जोर देना भी आवश्यक है। गेहूं, बाजरा, धान तथा मक्का की अधिक उपजाऊ किस्मों के अधीन क्षेत्र को 21.74 लाख एकड़ से बढ़ाकर 25.69 लाख एकडऋ करने का प्रस्ताव है। 1968–69 में यह रकबा केवल 8.03 लाख एकड़ था। इसके लिये और आई.ए.डी.पी. कार्यक्रमों के लिये 38.08 लाख रूप्ये का उपबन्ध किया जा रहा है जबकि चालू वर्ष के दौरान इनके लिये 32.16 लाख रूप्ये रखे गये थे। पिछले वर्ष की 30 किलोग्राम प्रति एकड़ खाद की खपत बढ़कर चालू वर्ष में 42 किलोग्राम प्रति एकड़ हो गई है। अगले वर्ष इसे बढ़ाकर 55 किलोग्राम प्रति एकड़ करने का प्रस्ताव है। बढ़िया कृषि सुविधाओं के विकास के लिये अनुसंधान कार्यक्रमों को और तेज किया जा रहा है। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के लिये इस वर्ष 61 लाख रू. का उपबन्ध किया गया है। इस विश्वविद्यालय के विकास का काम बड़ी तेजी से किया जा रहा है ताकि दो ही वर्ष के भीतर यहां कृषि की शिक्षा, विस्तार और खोज की पूरी व्यवस्था की जा सके। अगल वर्ष तक होम साइंस कालेज फार वुमेन, बेसिक साइंस कालेज और फुड साइंस और टैक्नोलौजी संस्थान के भवनों का निर्माण काफी हद तक मुकम्मिल हो जाएगा।

किसानों के बीच भूमि पर एक से अधिक फसलें लेने की पद्धतियों का प्रचार करने के उद्‌देश्य से रोहतक और जींद में

मार्गदर्शी परियोजनाएं शुरू की गई हैं जिनके लिये 1971–72 में 4.41 लाख रू. का उपबन्ध किया गया है। कीटनाशक दवाइयों और पौधों के बचाव के लिये उपकरण खरीदने तथा वितरण करने के लिये 5.20 लाख रू. रखे गये हैं। प्राइवेट एजेंसियों द्वारा हवाई जहाजों से फसलों पर दवाइयां छिड़कने का खर्च ज्यादा पड़ता था इसलिये विभाग की और से फसलों पर हवाई छिड़काव का काम शुरू करने का फैसला किया गया है। इसके लिये चालू वर्ष के दौरान दो हैलीकोप्टर और अगले वर्ष भी दो और हैलीकोप्टर खरीदने की व्यवस्था की गई है।

खेती का मशीनीकरण

खेती की पैदावार और बढ़ाने के लिये खेती का आगे मशीनीकरण जरूरी है। कृषि विभाग ने हाल ही में मशीनों से खेती की एक परियोजना तैयार की है। इसके अधीन विश्व बैंक की सहायता से 7000 ट्रैक्टर, 10 हारवैस्टर और स्प्रिंकल सिंचाई के लिये 50 सैटों का आयात करने का विचार है। राज्य में कृषि के विकास के लिये विश्व बैंक को प्रसतुत की गई एक विस्तृत स्कीम का यह एक भाग है। इस स्कीम के अधीन राज्य में 10000 नलकूप भी लगाये जाने हैं। अनुमान लगाया गया है कि इस स्कीम के लिये कुल 35 करोड़ रू. की आवश्यकता होगी। बैंक के कृषि क्रैडिट मिशन का एक दल इसका जायजा लेने के लिये पिछले

साल नवम्बर मे राज्य के दौरे पर आया था। उनका राज्य के अधिकारियों के साथ विचार विमर्श हुआ। इस सम्बन्ध में समझौता शीघ्र हो जाने की संभावना है, जिससे अगल जून से इन कार्यों के लिये धन प्राप्त हो सकेगा। हरियाणा ने विश्व बैंक को जो परियोजना प्रस्तुत की है वह भारत में विभिन्न राज्यों द्वारा दी गई परियोजनाओं में दूसरी सब से बड़ी है।

उपलब्ध देसी ट्रैक्टरों की कमी पूरी करने के लिये कृषि उद्योग निगम (Agro-Industrial Corporation) ने अब तक 1500 आयात किये हुए ट्रैक्टर किसानों को बांटे हैं। यह निगम कमर्शियल बैंकों के साथ मिलकर एक किराया खरीद (Hire purhase) स्कीम भी चालू कर रहा है ताकि किसानों को आसान शर्तों पर खेती की मशीनें दिलवाई जा सकें। किसानों की असली पुर्जों की मांग को पूरा करने के लिये निगम ने 17 लाख रू. के पुर्जे आयात किये हैं तथा निकट भविष्य में 20 लाख रूप्ये के और पुर्जे आयात करने के लिये प्रयत्न जारी हैं। निगम इन मशीनों की मुरम्मत की सुविधाओं का विसतार भी कर रहा है।

सहकारिता उधार

बहुत सीमा तक कृषि का सघन विकास इस बात पर निर्भर करता है कि किसानों को पूरी मात्रा में ठीक समय पर कृषि–कार्यों के लिये धन मिले। भूमि बनधक बैंकों द्वारा किये जा

रहे कार्य का जिक्र पहले ही किया जा चुका है। इन बैंकों ने जून, 1970 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान 7.01 करोड़ रू. उधार दिये। इस रकम का अधिकांश भाग उन्हें कृषि पुनर्वित निगम (Agricultural Refinance Corporation) से प्राप्त हुआ था। अब हरियाणा इस निगम से रकम प्राप्त करने के मामले में राज्यों में दूसरे स्थान पर है। अब प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर एक ऐसा बैक खोला जा रहा है।

कृषि उधार की अल्पकालिक मांगों को पूरा करने के लिये अगले साल प्राथमिक उधार समितियों द्वारा 18 करोड़ रू. का उधार दिया जाने का ख्याल है। इसके मुकाबले में इस साल इनके द्वारा दी गई उधार की रकम लगभग 15.000 करोड़ रूप्ये होगी। इसके अतिरिक्त खाद तकावी बांटने के लिये भारत सरकार से 6. 72 करोड़ रू. का ऋण प्राप्त होने की आशा है। इस समय किसानों को उनकी जरूरत औरवापस अदायगी की क्षमता को ध्यान में रखकर ही कर्जे दिये जा रहे हैं और इस बात पर जोर नहीं दिया जाता िकवे पहले ठोस जमानत पेश करें। इस परिवर्तन से छोटे किसानों की मांगेों को पूरा करने में बहुत सहायता मिलेगी। किसानों को ऋण बांटने के लिये चैकों द्वारा धन देने का नया तरीका अपनाया जा रहा है जिससे समिति के पदधिकारी धन का दुरूपयोग न कर सकें। इस प्रणाली के अधीन सदस्यों के नाम चैक काट दिये जाते हैं जिन्हें वे सहकारिता बैंक की शाखाओं पर

भुना सकते हैं। इन संस्थाओं का शेयर कैपिटल बढ़ाने के लिये अगले वर्ष 50 लाख रू. की व्यवस्था की गई है।

विपणन

अनाज की बिक्री और उनके भंडार की सुविधाओं को बढ़ाने पर अब अधिक ध्यान दिया जा रहा है। उपनिवेश विभाग मंडियों के सुनियोजित विकास का कार्य कर रहा है। 20 मंडियों के विकास का काम चालू है। इसके इलावा यह विभाग अगले वर्ष 13 नई मंडियों का काम शुरू कर रहा है। इस प्रयोजन के लिये अगले वर्ष 68.50 लाख रू. की व्यवस्था की गई है। जहां तक भंडारों का सम्बन्ध है, खाद्य विभाग द्वारा मार्च, 1972 तक 62205 मीटरी टन की क्षमता के भंडारगार बनाये जाने का प्रस्ताव है। इसके लिये अगले वर्ष 1.02 करोड़ रू. रखे गये हैं। इसके अतिरिक्त राज्य भंडारागार निगम (Warehousing Corporation) और भारतीय खाद्य निगम एक लाख से अधिक मीटरी टन की भंडार क्षमता का निर्माण कर चुके हैं। मंडियों तक सड़क की सुविधाएं देने के लिये राज्य की विभिन्न मार्केट कमेटियां योगदान दे रही हैं। यह कार्य राज्य द्वारा शुरू किये गये सड़क कार्यक्रम का पूरक होगा। आशा है कि ये कमेटियां चालू वर्ष में 110 लाख रू. और अगले वर्ष 200 लाख रू. का योगदान देंगी।

पशुपालन और डेरी विकास

कृषि के सहायक कार्यक्रमों में पशुपालन और दुग्ध विकास की हरियाणा में भारी संभावनाएं हैं। करनाल और गुड़गांव जिलों में दो सघन पशु विकास परियोजनाएं आरम्भ की गई हैं। जींद और पेहवा के इलाकों मे दो दूसरी राज्य स्तर की परियेजनाएं शुरू की जा रही हैं। जींद में 50000 लिटर दैनिक क्षमता वाला दूध प्लांट चालू हो गया है और इसके उत्पादनों की मांग तेजी से बढ़ रही है। भिवानी में 45 लाख रूप्ये की अनुमानित लागत से 15000 लिटर दूध प्रतिदिन की क्षमता वाली एक कंडैसरी बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। दूध प्लांटों को दूध सप्लाई करने के लिये इस क्षेत्र में अगले साल एक सघन पशु विकास परियोजना शुरू करने का विचार है। अम्बाला शहर और अम्बाला छावनी के क्षेत्रों में भी दूध की सप्लाई की स्कीमों, डेरी विकास निगम (Dairy Development Corporation) द्वारा शुरू की जा रही हैं। नसल सुधारने के लिये हिसार फार्म में शीघ्र ही 100 आयात किये गये जर्सी हाइफर के प्राप्त हो जाने की आशा है। बीमारियों की प्रभावपूर्ण रोकथाम के लिये हरियाणा के गठन की तिथि से अब तक 36 नई पशु डिस्पैंसरियां खोली गई हैं और 32 डिस्पैंसरियों को पशु हस्पतालों का रूप दे दिया गया है। लोहारू का ऊन ग्रेडिंग और बिक्री केन्द्र रेगिस्तानी इलाकों के भेड़ पालने से होने वाले उपज को तैयार करने और बेचने में सहायता कर रहा है।

औद्योगिक विकास

यद्यपि राज्य के विकास के दृष्टिकोण से कृषि को सबसे अधिक महत्वपूर्ण स्थान देना होगा फिर भी भविष्य में राज्य का विकास औद्योगिक कार्यक्रमों के विस्तार से ही निश्चित होगा। मुझे सदन को यह बताते हुए बहुत खुशी है कि चालू वर्ष में राज्य के औद्योगिक विकास में काफी तेजी आई है। हरियाणा बनने के बाद मार्च, 1970 तक चार वर्षों में कुल 24 लाइसैंस और 36 आशय–पत्र (Letter of intent) जारी किये गये थे जिनकी तुलना में 20 लाइसैंस और 37 आशय–पत्र तो इस वर्ष जारी किये जा चुके हैं। इन लाइसैंसों और आशय–पत्र में 40 करोड़ रूप्ये की पूंजी के विनियोजन का प्रस्ताव है जिससे लगभग 13000 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। आगामी कार्यक्रम में आटो–मोबाईल उद्योग का विशेष रूप से विकास होगा जिसमें प्रतिवर्ष 24000 से अधिक स्कूटर और 18000 ट्रैक्टरों का उत्पादन शामिल है। बिजली की भट्ठी द्वारा फौलाद और फौलादी मिश्रधातु तैयार करने के लिए लगभग 6 युनिटें बन रही है।। कई रीरोलिंग मिलें और बड़े पैमाने पर इस्पात की पट्टी बनाने वाली दो मिलें भी लगाई जा रही हैं। इलैक्ट्रोनिक संयंत्र उद्योग का भी भारी विस्तार करने का विचार है। लघु उद्योगों के विकास के लिये कच्चचा माल सप्लाई करने की दिशा में प्रगति हो रही है। गत वर्ष राज्य लघु उद्योग और निर्यात निगम द्वारा 12 लाख रूप्ये का कच्चा माल प्रतिमास छोटे

उद्योगों को दिया गया था। अब यह राशि 35 लाख रूप्ये प्रतिमास की है। राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (National Small Industries Corporation) से सहायता प्राप्त करने के मामले में हरियाणा भारत में अब गुजरात से ही पीछे है। इस निगम से इस वर्ष 1 करोड़ रू. की सहायता मिलने की आशा है।

सहकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग

सस्ते दामों पर 15000 मीटरी टन दानेदार खाद (Granulated Fertilizer) सप्लाई करने के लिये 56 लाख रूप्ये के मूल्ये का एक प्लांट सहकारी क्षेत्र में करनाल में लगाया जा रहा है। अंगूरों की पैदावार को लाभकारी बनाने के लिये सिरसा में एक वाइनरी लगाने का विचार भी है। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (National Co-operative Development Corporation) की सहायता से राज्य में चावल की तीन अन्य मिलें लगाने का ब्यौरा तैयार किया जा रहा है। रोहतक और सोनीपत की दोनों सहकारी चीनी मिलों में पिछले वर्ष 36 लाख रूप्ये का लाभ हुआ। राज्य में करनाल, कैथल और सोनीपत के स्थानों पर तीन अन्य चीनी की मिलें खोलने के लिये आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। कृषि उद्योग निगम की चार चालू यूनिटों के इलावा, जींद में 5 मीटरी टन प्रति घंटे की क्षमता वाला एक पशु व मुर्गी चारा प्लांट 40 लाख रूप्ये की लागत से स्थपित किया जा रहा है। जौ की

पैदावार को लाभदायक बनाने के ख्याल से 175 लाख रूप्ये की लागत से एक ब्रिवरी लगाने की योजना लगभग तैयार की जा चुकी है, जिसमें 130 लाख रूप्ये के मूल्य का वार्षिक उत्पादन होगा। जींद में एक स्वचालित टैनरी के निर्माण की परियोजना का काम शुरू कर दिया गया है। इससे चमड़े का काम करने वाले हमारे भाइयों को रोजगार के अधिक अच्छे अवसर मिलेंगे। शीशा और शीशे की बोतलें तैयार करने के लिये भी एक आशय–पत्र प्राप्त कर लिया गया है। इस कार्य में 100 लाख रूप्ये लगेंगे और 18000 मीटरी टन माल प्रतिवर्ष तैयार हो सकेगा। इससे राज्य में सिलीका रेत के भंडारों का समुचित उपयोग हो सकेगा।

सारे राज्य में उचित मूल्य पर विकसित भूमि और उचित दरों पर धन प्राप्त करवाने की व्यवस्था के इलावा राजय के विभिन्न भागों में और विशेष कर औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े इलाकों में नये उद्योगों को बिजली–शुल्क, बिक्रीकर और चुंगी आदि की दर्जेवार रियायतें दी गई हैं। महेन्द्रगढ़, जींद और राज्य के अन्य क्षेत्रों के अतिरिक्त हाल ही में हिसार जिले को भी औद्योगिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ क्षेत्र घोषित किया गया है ताकि वहां भी ये रियायतें दी जा सकें।

उद्योगों को और बढ़ावा देने के लिये विशेषकर छोटे उद्योगों के क्षेत्र में अलोह धातु (non-ferrous) और इंडस्ट्रीयल व मैटल शीट तथा ऊनी कालीनी धागों पर केन्द्रीय बिक्री–कर की दर घटा दी गई है। केन्द्रीय बिक्री–कर की दर अलोह (non-

ferrous) शीटों पर 3 प्रतिशत से 1 प्रतिशत और ऊनी कालीनी धागों पर 2 प्रतिशत से 1 प्रतिशत कर दी गई है। इन उपायों से जगाधरी और रिवाड़ी में धातु शीट उद्योग और पानीपत में ऊनी कालीनी धागा उद्योग के विकास में पर्याप्त सहायता मिलेगी।

आधारभूत और सामाजिक सुविधाएं

बिजली

कल्याणकारी राज्य का लक्ष्य प्राप्त करने के लिये सरकार अधिक से अधिक आधारभूत सुविधायें व अन्य सेवाएं दे रही है जिन के बिना अर्थ विकास कार्यक्रम बेमायने हो जाता है। यह गर्व की बात है कि सभी ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली पहुंचाने वाला पहला राज्य भारत में हरियाणा है। मुझे विश्वास है कि यह सदन इस महान कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिये बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को धाई देने में मेरा साथ देगा। मुझे आशा है कि उनकी कर्तव्यनिष्ठा के बल पर बिजली बोर्ड और भी महान सफलताएं प्राप्त करेगा। गांवों में बिजली पहुंचाने तथा नलकूप लगाने के कार्य ने बोर्ड के साधनों पर बहुत बोझ डाला है। इसलिये भारत सरकार से प्रार्थना की गई है ि कवह बोर्ड को 5 करोड़ रू. का अतिरिक्त लोक–ऋण नेने की इजाजत दे। हमें आशा है कि हमारी इस प्रार्थना पर सहानुभूति से विचार किया जायेगा।

बिजली की खपत मई, 1967 में प्रति व्यक्ति 46 यूनिट थी और अब यह बढ़कर 92 यूनिट प्रति व्यक्ति हो गई है। खपत में इस वृद्धि के कारण प्राप्त सप्लाई और मांग का अन्तर बढ़ गया है। भाखड़ा में पानी कम आने से यह समस्या और भी गंभीर हो गई है। इसलिये बोर्ड बिजली पैदा करने की दूसरी परियोजनाओं को शीघ्रता से शुरू करने के लिय उत्सुक है। बोर्ड ने फरीदाबाद में 60 मै.वा. के पहले यूनिट पर तो कार्य प्रारम्भ कर ही दिया है जिससे दिसम्बर, 1973 तक मुकम्मिल हो जाने की आशा है। दूसरे यूनिट पर भी काम चौथी पंच–वर्षीय योजना के दौरान ही शुरू कर दिया गया जायेगा। बोर्ड ने पानीपत में 400 मै.वा. के एक थर्मल स्टेशन का सुझाव भी दिया है और जगाधरी में जरूरी सुविधाएं प्राप्त होने के कारण 400 मै.वा. के एक न्यूक्लियर बिजली स्टेशन कायम करने का मामला भी भारत सरकार के साथ उठाया है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार से प्रार्थना की गई है कि वह बदरपुर थर्मल स्टेशन तथा कोटा–स्थित राणा प्रताप सागर एटामिक प्लांट से भी 100–100 मै.वा. बिजली राज्य को सप्लाई करें।सरकार को आशा है कि इन कोशिशों से तथा ब्यास परियोजना के पूरा हो जाने पर बिजली पर्याप्त मात्रा में सुलभ हो पायेगी।

सड़कें

विद्युतीकरण (Electrification) के बाद राज्य का अगला क्रांतिकारी कदम गांव–गांव में सड़क पहुंचाने का होगा। देखा जाए तो सड़कों से बढ़कर महत्वपूर्ण बात और क्या हो सकती है, क्योंकि जब कोई गांव सड़क के द्वारा बाहरी संसार से जुड़ जाता है तो गांव के जीवन में परिवर्तन की लहर दौड़ जाती है। राज्य के गठन के समय 1386 गांवों तक ही सड़की जाती थी। वर्तमान मंत्रिमंडल के सता में आने से पहले तक 200 और गांवो तक सड़कें पहुंच गई। सरकार का अब निर्णय यह है कि वर्ष 1973 तक राज्य के प्रत्येक गांव को पक्की सड़क से जोड़ दिया जाये। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये इस वर्ष 2000 कि.मी. लम्बी सड़कें बनाई जा रही हैं जिन में 2500 कि.मी. से अधिक अगले वर्ष और जोड़ दी जायेंगी। फिर 1972–73 के लिये लगभग 3000 कि.मी. सड़कें बाकी रह जाएंगी। इस महान कार्य को पूरा करने के लिये चालू वर्ष का योजनागत वयय संशोधित करके 3.53 करोड़ रूप्ये से बढ़ा कर 7.60 करोड़ रूप्ये कर दिया गया है। अगले वर्ष के लिये इस काम पर 12 करोड़ रूप्ये खर्च करने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त अकाल राहत के कार्यक्रम के अधीन चालू वर्ष में 1.72 करोड़ रूप्ये खर्च किये जा रहे हैं। 1971–72 के दौरान यह राशि 1.90 करोड़ रूप्ये होगी। इस बात का उल्लेख पहले ही किया जा चुका है कि मार्केट कमेटियों से इस काम के लिये 2 करोड़ रूप्ये मिलने की आशा है।

सड़क–परिवहन

माननीय सदस्यों को यह जानकारी है कि सरकार ने राज्य में यात्री सड़क परिवहन के राष्ट्रीयकरण का निश्चय किया हुआ है। राष्ट्रीयकरण की पहली स्कीम पहली अप्रैल, 1970 को लागू की थी। जनवरी, 1971 तक पांच स्कीमें पूरी कर ली गई हैं। यह कार्य सितम्बर, 1971 तक पूरा कर लिये जाने की आशा है। 1969–70 के अन्त में हरियाणा रोडवेज की बसों की संख्या 728 थीं और नवम्बर, 1970 में इनकी संख्या 987 तक पहुंच गई है। मार्च तक रोड़वेज की बसों की संख्या 1100 हो जाने की संभावना है। अगले वर्ष 400 और बसें खरीदने का विचार है।

हरियाणा राज्य परिवहन देश में सर्वोतम परिवहनों में से एक है। हम इसकी कार्यक्षमता को और अधिक बढ़ाना चाहते हैं और यात्रियों को भी अधिक से अधिक सुविधाएं देना चाहते है। पानीपत, कैथल, भिवानी तथा अम्बाला शहर में चार आधुनिक ढंग से बस अड्डों का निर्माण मुकम्मिल होने वाला है। मुझे सदन को यह सूचना देते हुए प्रसन्नता होती है कि हरियाणा राज्य परिवहन की कुल आमदनी जो 1969–70 में 1.02 करोड़ रूप्ये थी वह इस वर्ष लगभग 2 करोड़ रूप्ये अनुमानित है। अगल वर्ष इस आमदनी के और अधिक बढ़ जाने की आशा है।

शिक्षा

राज्य में सभी स्तरों पर शिक्षा का विस्तार लगातार हो रहा है। इस वर्ष के दौरान 96 प्राईमरी स्कूलों का दर्जा बढ़ाकर उनहें मिडल स्कूल बना दिया गया और 95 मिडल स्कूलों को हाई स्कूलों में परिवर्तित कर दिया गया है। अगले वर्ष भी यह विस्तार जारी रहेगा और 6–11 वर्ष के आयु–वर्ग के 75 प्रतिशत बचचों को दाखिलें की सुविधाएं देने के लिये 86000 अधिक दाखिलों की क्षमता पैदा की जायेगी। इसके लिये 50 नये प्राइमरी स्कूल खेल दिये जायेंगे। 11–13 वर्ष आय–वर्ग के 18000 और बच्चे दाखिल करने के लिये 60 प्राइमरी स्कूलों का दर्जा मिउल स्कूलों तक बढ़ाया जायेगा। इससे इस आयु वर्ग के 49 प्रतिशत छात्रों को शिक्षा सुविधाएं दी जा सकेंगी। 14–16 वर्ष आयु–वर्ग के 22 प्रतिशत बच्चों को भी शिक्षा सुविधाएं दी जा सकेंगी। 60 मिडिल स्कूलों को हाई स्कूल बना देने का विचार है। दर्जा बढ़ाए जाने वाले 50 प्रशित स्कूल लड़कियों के होंगे ताकि लड़कियों की शिक्षा का अधिक से अधिक विस्तार हो सके। साथ ही राज्य में महिला–अध्यापिकाओं तथा छात्राओं के 5 संयुक्त छात्रावास बनाये जाने का प्रस्ताव भी है। महिला शिक्षा के और अधिक विकास के लिये सरकार एक मार्गदर्शी परियोजना (Pilot Project) चालू करने के विषय में भी सोच रही है।

राज्य में कालेज तथा स्नातकोतर (Post-Graduate) शिक्षा के विकास के लिये सरकार कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा पोस्ट–ग्रैजुएट सैंटर, रोहतक को पर्याप्त अनुदान देने की वयवस्था

भी कर रही है। कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में भर्ती लेने वालों की संख्या में बहुत अधिक वृद्धि हुई है और अब विद्यार्थियों की संख्या 5000 से भी अधिक हो गई है। 'शिक्षा' का एक नया स्नातकोतर पाठ्यक्रम (Post-Graduate Course) चालू किया गया है और विश्वविद्यालय में अनुसंधान सम्बन्धी सहूलतें बढ़ा दी गई हैं। 300 छात्राओं को निवास के लिये दो महिला छात्रावास बनाये गये हैं। रोहतक के शिक्षा केन्द्र में एक स्वतनत्र काम्पलेक्स, जिसमे एक विज्ञान ब्लाक, एक आर्ट्स ब्लाक, एक छात्रावास, एक पुस्तकालय तथ कर्मचारियों के कवार्टर भी शामिल है, जुलाई 1971 तक तैयार हो जाने की संभावना है। अन्य विषयों में एक्सटेन्शन कोर्सिस के साथ साथ यह केन्द्र अब फिज्क्सि और कैमिस्टरी में स्नातकोतर (Post-Graduate) अध्ययन की सुविधाएं भी दे रहा है। प्राइवेट कालेजों के विकास में सहायता देने के लिये सरकार ने इस वर्ष 24.25 लाख रूप्ये के अनुदान की व्यवस्ाि की। अगले वर्ष के लिये 25.15 लाख रूप्ये की राशि प्रस्तावित है।

चिकित्सा

पहले राज्य में चिकित्सा सेवाओं की और काफी ध्यान नहीं दिया गया। इस पिछडेपन को दूर करने के लिये सरकार ने चालू वर्ष का योजना परिव्यय 110 लाख रूप्ये से बढ़ा कर 190 लाख रूप्ये कर दिया और अगले वर्ष का परिव्यय 288 लाख रूप्ए

रखा गया है। योजनेतर पक्ष में दवाइयों की सप्लाई के लिये 1968–69 की 22 लाख रूप्ये की वयवस्था को बढ़ाकर अगले वर्ष 60 लाख रूप्ये तक कर दिया गया है।

और भी अच्छी सुविधाएं जुटाने के लिये जिला तथा तहसील के अनेक हस्पतालों का दर्जा बढ़ा दिया गया है और उनमें चालू वर्ष के अन्दर बिस्तरों की संख्या 400 से बढ़ा दी गई है। नए भवनों के निर्माण तथा मौजूदा भवनों के सुधार के लिये एक विस्तृत कार्यक्रम आरम्भ किया गया है। मैडिकल कालेज, रोहतक में अगले वर्ष बिस्तरों की संख्या 745 से 1000 कर देने का विचार है। सभी जिला तथा तहसील स्तर के हस्पतालों में डेंटल क्लिनिक चालू करने का प्रस्ताव भी है। स्थानीय निकायों (Local Bodies) द्वारा चलाये जाने वाले 5 हस्पतालों और डिस्पैंसरियों का प्रांतीयकरण इस वर्ष कर लिया गया है और बाकी का प्रान्तीयकरण अगले वर्ष कर लिया जायेगा। इस वर्ष 6 नए ऐलोपैथिक तथा 10 नये आयुर्वैदिक औषधालय खोले गए हैं और अगले वर्ष सात और ऐलोपैथिक तथा 10 आयुर्वैदिक औषधालय खोले जाने का प्रस्ताव है। बारह चुनिंदा प्राइमरी चिकित्सा केन्द्रों में ऐक्स–रे तथा लेबार्टरी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं जिनमें से 5 में यह व्यवस्था इस वर्ष की जायेगी। चिकित्सा कालेज, रोहतक से सम्बद्ध 50 बिस्तरों वाले मोबाइल हस्पताल की व्यवस्था के इलावा दो मोबाइल डिस्पैंसरियां तथा एक खास तरह की मोबाइल डिस्पैंसरी भी खोली गई हैं।

चिकित्सा–शिक्षा सम्बन्धी सुविधाएं भी ज्यादा से ज्यादा बढ़ाई जा रही है। सरकार विचार है कि मैडिकल कालेज, रोहतक को देश की एक अग्रणी चिकित्सा संस्था बना दिया जाये। चालू वर्ष में 21.65 लाख यप्ये के खर्च की व्यवस्था बढ़ाकर 45.33 लाख रू. कर दी गई है और अगले वर्ष 122.62 लाख रूप्ये खर्च किये जाने हैं। कालेज में प्रति बिस्तर देखभाल–व्यय 2500 रूप्ये से बढ़ाकर 4000 रूप्ये कर दिया गया है जो कि शायद देश के अन्य राज्य हस्पतालों की तुलना में सबसे ज्यादा है। इसमें गम्भीर तथा दु:साध्य रोगों के निदान के लिये आधुनिकतम उपकरण जुटाए जा रहे है।। एम.बी.बी.एस. पाठयक्रम में सीटों की संख्या 125 से बढ़ाकर 150 कर दी जायेगी तथा जनरल नर्सिंग पाठ्यक्रम के लिये वर्तमान 75 सीटों में 45 और सीटें बढ़ा दी जायेंगी। रोग के तुरन्त निदान कार्य में सहायता देने के लिये माइक्रोबायालोजी तथा बायोकैमिस्ट्री सम्बन्धी नये विभाग खोले जायेंगे। कालेज में नये भवनों के लिये 65.81 लाख रूप्ये की व्यवस्था की गई है और रेडियोग्राफी, माइक्रोबायालोजी तथा बायोकैमिस्ट्री विभागों के लिये भवन बनाये जाने का प्रस्ताव है।

जल सप्लाई

राज्य में लोगों का स्वास्थ्य बनाये रखने के यिले जरूरी है कि उपयुक्त चिकित्सा सुविधाओं के साथ–साथ पीने के शुद्ध पानी और उपयुक्त सफाई की सुविधाएं भी दी जाएं। चौथी याजना के आरम्भ होने से पहले राज्य में केवल 260 गांवों में पीने के

शुद्ध पानी की सप्लाई सुलभ थी। 1971–72 के अंत तक हम इसे 530 गांवों तक पहुंचा देने की आशा रखते हैं। चौथी पंचवर्षीय योजना की बाकी अवधि के दौरान अधिक से अधिक गांवों को यह सुविधा देने का हमार उद्देश्य है। जहां तक शहरी इलाकों का सम्बनध है चालू वर्ष में 6 शहरों मे जल सपलाई स्कीमें और 3 में मल निकास स्कीमें शुरू की गई हैं। अगले वर्ष 15 शहरों में सप्लाई बढ़ाने के अतिरिक्त 4 और शहरों को यही सुविधाएं दी जायेंगी। इस कार्य के लिये चालू वर्ष में 140 लाख रूप्ये की व्यवस्था को बढ़ाकर 240 लाख रूप्ये कर दिया गया था और अगले वर्ष इस उद्देश्य के लिये 290 लाख रूप्ये की व्यवस्था की गई है।

शहरी विकास

औद्योगीकरण के साथ–साथ शहरों की जनसंख्या भी तेजी से बढ़ेगी। इस बात का उपाय हमें अभी करना चाहिये जिससे इन शहरों में गंदी बस्तियों का फैलाव न बढ़े और शहरों का सुनियोजित विकास हो। नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग इस कार्य को कर रहा है। इसने अभी तक 4637 एकड़ जमीन अर्जित कर ली है तथा 19000 रिहायशी और 643 औद्योगिक प्लाट बेचे हैं। यह विभाग अगले वर्ष 2000 एकड़ भूमि अर्जित करेगा तथा 688 लाख रूप्ये की लागत के विकास कार्य करेगा। इम्प्रूवमेंट

ट्रस्टों को शहरी विकास की स्कीमें चलानें के लिये अगले वर्ष 20 लाख रूप्ये की सहायता दी जायेगी। जी.टी. रोड जैसी महत्वपूर्ण सड़क का यातायात निर्विघ्न जारी रखने के लिये इसके किनारे जब्रदस्ती कब्जा (Encroachments) कर लेने वालों को हटाया जा रहा है। अब सरकार ने नगरपालिकाओं की सड़कों की देखभाल का काम भी अपने हाथ में ले लिया है। चालू वर्ष में इस कार्य के लिये 10 लाख रूप्यों की व्यवस्था की गई है तथा अगले वर्ष के दौरान इसके लिये 30 लाख रूप्यों का उपबन्ध किया जा रहा है। खासकर हरिजन मुहल्लों में गन्दी बस्तियां हटाने तथ नागरिक सुविधाएं बढ़ाने के लिये चालू वर्ष में 8.05 लाख रूप्ये की सहायता देने की व्यवस्था की गई। अगले वर्ष इस पर 20 लाख रूप्ये खर्च किय जायेंगे। जल सप्लाई एवं मल–निकास स्कीमों का जिक्र पहले ही किया जा चुका है।

ग्रामीण विकास बोर्ड के जरिये गांवों का सुनियोजित विकास करने का प्रस्ताव है। राज्य के प्रत्येक ब्लाक में पांच–पांच आदर्श गांवों के विकास से कार्य को शुरू किया जायेगा।

पर्यटन

राज्य में पर्यटन के विकास के लिये यह निश्चय किया गया है कि करनाल के निकट उचाना में, जहां पश्चिमी यमुना नहर और जी.टी. सड़की मिलती हैं, एक कृत्रिम झील का निर्माण किया

जाये, जिसके साथ एक पर्यटन बंगला और एक जलपान गृह भी हो। 25 लाख रूप्ये की लागत की इस परियोजना पर इस वर्ष 3 लाख रूप्ये खर्च किये जायैंगे। पिपली में एक 8 सैट वाले मोटल और एक जलपान गृह का निर्माण भी किया जा रहा है जिसकी कुल लागत 8.50 लाख रूप्ये होगी। इसमे से 3.50 लाख्चा रूप्ये इस वर्ष मार्च तक खर्च कर दिये जाने की आशा है।

आवास

राज्य में एक हाउसिंग बोर्ड (Housing Board) कायम करने का निर्णय किया गया है ताकि मकानों की समस्या को सुलझाया जा सके जो कि मजदूरों एवं हरिजनों के लिये विशेष रूप से कष्टदायक है। यह बोर्ड अले वर्ष से कार्य करना शुरू कर देगा, परन्तु कुछ स्कीमें पहले ही तैयार कर ली गई है। इसका समुचित प्रारम्भ फरीदाबाद में झुग्गी वासियों को बसाने की स्कीम से करने का विचार है। सरकार ने यह भी निर्णय किया है कि चिरकाल से गन्दी बस्तियों में पड़े हुए हरिजनों को फिर से बसाने की एक मार्गदर्शी स्कीम को लागू किया जाए। अगले वर्ष मजदूरों तथा हरिजनों के लिये एक एक हजार मकान बना कर इस दिशा मे साहसिक कदम उठाया जायेगा। इसके इलावा 20 लाख रूप्ये की राशिा हरिजनों, विशेषकर सफाई का कार्य करने वालों को, मकान बनाने के लिये कर्जा देने के वास्ते अलग रखी जा रही है।

इस पर ब्याज की रियायती दर 4 प्रतिशत होगी जबकि सामानयतः यह दर 7 प्रतिशत है।

आर्थिक एंव क्षेत्रीय भेदभाव को दूर करना

पहले मैंने सामाजिक न्याय के साथ–साथ आर्थिक प्रगति प्राप्त करने की हमारी आकांक्षा का उल्लेख किया था। विकास के लिये आयोजना तभी सार्थक सिद्ध होगी जब क्षेत्रीय तथा आर्थिक भेदभाव कम हो जाए तथा राज्य के सभी लोगों का कल्याण हो।

राज्य भर में बिजली पहुंचाने, प्रत्येक गांव तक सड़क पहुंचाने तथा सुखा–ग्रस्त इलाकों में सिचांई सुविधाओं के विस्तार के लिये भारी खर्च से, जैसा कि पहले जिक्र किया जा चुका है, क्षेत्रीय असमानता पैदा करने वाले कारणों को जड़ से उखाड़ा जा सकेगा। उद्योगों को इस समय दी जाने वाली बहुत सी रियायतें इन इलाकों में निरन्तर विकास और रोजगार के बेहतर अवसर देने में बहुत अधिक सहायक सिद्ध होंगी। अब इस समस्या का हल समेकित (Integrated) क्षेत्र विकास कार्यक्रम शुरू करके किया जा रहा है। इसका आरम्भ जुई नहर की सिंचाई वाले क्षेत्र के विकास से किया जा रहा है, जिसके लिये विभिन्न खादों तथा बीजों आदि की सप्लाई तथा कृषि के बेहतर तरीके अपनाने के वास्ते 10 लाख रूप्ये की विशेष व्यवस्था की गई है। इन क्षेत्रों के लिये उपयुक्त

सूखी खेती के अच्छे तरीकों की विस्तृत खोज भी आरम्भ की जा रही है।

मोरनी पहाड़ी क्षेत्र

नारायणगढ़ तहसील के पिछड़े इलाकों, विशेषकर मोरनी पहाड़ी क्षेत्र के विकास के लिये विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस इलाके में से गुजरने वाली अम्बाला से पंचकूला तक की सड़क का निर्माण बहुत ही थोड़े समय में कर लिया या जिससे इस इलाके के विकास की राह खुल गई है। मोरनी पहाड़ियों के लिये बागबानी, मछली–पालन, वन तथा उद्योग विकास का संगठित कार्यक्रम तैयार किया गया है तथा सड़क, विश्राम–गृह और डिस्पैंसरी बनाने का काम आरम्भ हो गया है। जल–सप्लाई स्कीम की भी व्यवस्था की गई है।

छोटे किसानों और मजदूरों का विकास

कृषि विकास का लाभ अभी तक मुख्यतः प्रगतिशील किसान ही उठाते आये हैं। छोटे किसान तथा गांवों के अन्य गरीब लोग अपनी कमजोर माली हालत के कारण इन विकास कार्यों में सक्रिय हिस्सा नहीं ले सकें। विकास–कार्यों में उन्हें उचित हिस्सा देने तथा उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिये राज्य में स्माल

फारमर्स डिवैल्पमैंट एजेंसियों तथा मार्जिनल फारमर्स एण्ड एग्रीकल्चरल लेबर एजेंसियों की स्कीमें चालू की गई हैं।

जिला अम्बाला तथा गुड़गांव में ऐसी दो स्माल फारमर्स एजेंसियां कायम की गई हैं। इस कार्यक्रम के अधीन 2.5 एकड़ से 7 एकड़ भूमि वाले 100000 छोटे किसानों (प्रत्येक जिले में 50000) के विकास की और विशेष ध्यान देने का विचार है। ये वे किसान हैं, जिन्हें यदि खेती के सुधरे तरीकों, खाद बीज और सिंचाई आदि की सुविधाएं दी जाये ंतो वे अपनी आवश्यकता से अधिक उपज पैदा करने के योग्य हो जायेंगे। भारत सरकार इस प्रयोजन के लिये 3 करोड़ रूप्ये की सहायता दे रही है।

इसी प्रकार हिसार तथा अम्बाला जिलों में इससे भी कम भूमि वाले तथा भूमिहीन मजदूरों को ग्रामीण क्षेत्र में आर्थिक विकास में भाग लेने के योग्य बनाने के लिये मार्जिनल फारमर्स एण्ड एग्रीकल्चरल लेबर एजेंसियां कायम की जा रही हैं। इनका मुख्य उद्देश्य यह है कि इन किसानों को अपनी छोटी जोतों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिये बागबानी, पशु–पालन तथा डेरी विकास आदि के कार्य अपनाने में सहायता दी जाये। इस स्कीम के अधीन 40000 किसानों, जिनमें गांवों के दस्तकार इत्यादि भी शामिल हैं, को सहायता दी जायेगी जिसके लिये भारत सरकार से 2 करोड़ रूप्ये की राशि प्राप्त होगी।

पिछड़ी श्रेणियां

राज्य में पिछड़ी श्रेणियों के कल्याण के लिये सरकार आवास और गन्दी बस्तियों में सुधार के इलावा कृषि औजार और भूमि खरीदने तथा व्यवसाय चलाने में सहायता दे रही है। 20000 पूर्व–मैट्रिक हरिजन विद्यार्थियों को प्रतिमास वजीफे की दर 6 रूप्ये से बढ़ाकर 8 रूप्ये प्रतिमास कर दी गई है। हरिजन लड़कियों में पढ़ाई का शौक पैदा करने के लिये उन योग्य छात्राओं के लिये जिन्हें 50 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त होते हैं छात्रवृति की दर बढ़ा दी गई है। अब यह दर विभिन्न कक्षाओं के लिये 20 रूप्ये से लेकर 30 रूप्ये प्रतिमास होगी। होस्टलों में रहने वाले वे हरिजन छात्र जो मैट्रिक के बाद शिक्षा ले रहे हैं अब 45 रूप्ये की बजाये 60 रूप्ये प्रतिमास की दर से वजीफा लेंगे। रोहतक तथा हिसार में हरिजन उम्मीदवारों को विभिन्न प्रयोगिता परीक्षाओं के लिये प्रशिक्षण देने के लिये दो और प्रशिक्षण केन्द्र खोले जा रहे हैं। 2000 से अधिक आबादी वाले गांवों में हरिजनों के लिये चौपालों तथा धर्मशालाओं के निर्माण के वास्ते ग्राम–पंचायतों को उपदान भी दिये जायेंगे। 2 करोड़ रूप्ये की प्राधिकृत पूंजी से हरिजन कल्याण निगम की स्थापना की गई है जो कि सराकर द्वारा की जा रही चेष्टाओं में पूरक योगदान देगा।

समाज कल्याण

अन्य समाज कल्याण कार्यों में स्त्रियों के लिये आफ्टर–केयर होम, अपाहिजों के लिये शेलटर्ड वर्कशाप (Sheltered Workshop) और करनाल में बेसहारा औरतों तथा विधवाओं के आश्रयग्रह की संख्या बढ़ने के कार्यक्रम शामिल हैं। करनाल की संस्था में अब 100 के स्थान पर 500 महिलाओं को आश्रय दिया जा सकेगा। गनदी बस्तियों में रहने वाले 7000 बच्चों को अच्छी खुराक देने के लिये एक स्कीम शुरू की गई है। पिछले वर्ष दुबारा शुरू की गई वृद्धों को पैंशन देने की स्कीम के अधीन 3200 व्यक्ति 25 रूप्ये प्रतिमास की दर से पैंशन प्राप्त कर रहे हैं। भिखमंगेपन को दूर करने के लिये औरउनमें जो स्वस्थ हैं उन्हें सामाजिक दृष्टि से लाभकारी कार्यों में लगाने के लिये एक भिक्षावृति विरोधी बिल सदन के सामने लाया जा रहा है। बूढ़े और अपं भिखारियों को राज्य की देखरेख में रखा जायेगा। इन सभी समाज–कल्याण कार्यों के लिये 54.80 लाख रूप्ये की व्यवस्था की गई है।

सरकारी कर्मचारी

हमारे कार्यक्रमों की सफलता मुख्यतः हमारे सरकारी कर्मचारियों की कर्तवयनिष्ठा तथा वफादारी पर निर्भर करती है। इसलिये सरकार अपने आप को आदर्श नियोक्ता सिद्ध करने का प्रयत्न सदा ही करती रही है। वेतनमानों को संशोधित करने तथा

असंगतियों को दूर करने का काम पूरा किया जा चुका है। इससे कर्मचारियों को प्रतिवर्ष 4.60 करोड़ रूप्ये का लाभ पहुंचा है। हरियाणा के गठन के बाद मंहगाई भता वृद्धियों, अध्यापकों के वेतनमानों के संशोधन तथा पुलिस कर्मचारियों को पूरा मंहगाई भता आदि दिया जाने के रूप में कर्मचारियों को 12.50 करोड़ रूप्ये सालाना का लाभ पहुंचाया जा चुका है। इस राशि का ज्यादातर हिस्सा कम वेतन पाने वाले कर्मचारियों को लाभ पहुंचाने के लिये खर्च किया गया है। वर्ष 1960 में चौथी श्रेणी के कर्मचारी की कुल औसत मासिक आय 62 रूप्ये थी जो अब बढ़कर 152 हो गई है। इसी प्रकार क्लर्क की औसत आय 155 रूप्ये से बढ़कर 302 रूप्ये प्रतिमास तथा सहायक की औसत आय 277 रूप्ये से बढ़कर 517 रूप्ये प्रमिास हो गई है।

इसके इलावा कर्मचारियों को इस वर्ष जो लाभ पहुंचाए गए हैं उनमें 1800 रूप्ये के वेतनमान तक 75 प्रतिशत मंहगाई भते को पैंशन के हिसाब के लिये मंहगाई वेतन समझा जाना और पैंशन के लिये सेवा अवधि की अधिकतम सीमा को 30 वर्ष से बढ़ाकर 33 वर्ष करना भी शामिल है। चौथी श्रेणी के कर्मचारियों के सम्बन्ध में यह अवधि अब 35 वर्ष होगी। सेवा के दौरान दुर्भाग्य से मर जाने वाले कर्मचारियों पर आश्रित व्यक्तियों को अब 15000 रूप्ये तक तदर्थ अनुग्रह–अनुदान (Ad-hoc ex-gratia grant) चिकित्सा सहायता, स्नातक स्तर तक बिना फीस के शिक्षा तथा रोजगार के मामले में तरजीह दी जायेगी और उनसे वसूल की

जाने वाली कुछ राशियों को माफ भी किया जा सकेगा। किसी भी कसौटी से परखने पर उन के कल्याण की यह सुविधाएं भारी सुविधाएं हैं और हमें आशा है कि हमारे कर्मचारी हरियाणा निवासियों के कल्याण के लिये और भी अधिक उत्साह से काम करते रहेंगे क्योंकि इस राज्य के निवासियों के कल्याण में ही उनका अपना कल्याण निर्भर करता है।

करों से राहत देने सम्बन्धी उपाय

जैसा कि पहले कहा गया है कि इन बजट प्रस्तावों से 11.56 करोड़ रूप्ये के घाटे का अनुमान है। इस घाटे को पूरा करने के लिये अभी किसी नये कर का प्रस्ताव नहीं किया जा रहा है। सरकार देय राशियों की बेहतर वसूलियों से तथा विकास के इलावा किये जाने वाले कार्यों पर होने वाले खर्च पर और अधिक रोक रखकर इस घाटे को पूरा करने की चेष्टा करेगी। घाटे के होते हुए भी सरकार का यह विचार है कि देहाती क्षेत्रों में व्यवसाय कर अदा करने वाले लोगों को इस टैक्स से राहत देने की बात महत्वपूर्ण है। उन्होंने केवल राज्य द्वारा लगाया गया व्यवसाय–कर देना पड़ता है, बल्कि पंचायत समितियों द्वारा लगया गया व्यवसाय–कर भी देना पड़ता है। इसका बोझ ज्यादातर देहाती क्षेत्रों में काम करने वाले कम वेतन वाले कर्मचारियों, छोटे करीगरों तथा दुकानदारों आदि पर पड़ता है। इसलिये सरकार

का विचार है कि पंचायत समितियों द्वारा लगाया जाने वाला व्यवसाय–कर (Professional Tax) समाप्त कर दिया जाना चाहिये। चूंकि इससे पंचायत समितियों को लगभग 12 लाख रूप्ये वार्षिक का नुकसान होगा इसलिये उनके नुकसान को पूरा करने के लिये राज्य सरकार अतिरिक्त अनुदान की व्यवस्ाि करेगी। यह उपाय समाज के ज्यादा गरीब लोगों को एक और राहत देगा।

निष्कर्ष

हमारे ये बजट प्रस्ताव इस राज्य के विकास के लिये जन–जन की आशाओं तथा अभिलाषाओं के प्रतीक हैं। पिछले वर्ष की प्रगति वास्तव में शानदार रही है और हमारी यह लगातार चेष्टा रहेगी कि हमारा राज्य इस मार्ग पर और भी तेजी से आगे बढ़े। तरक्की के ये काम किसी प्रशासनिक परिवर्तन व अतिरिक्त करों के बोझ के कारण नहीं है बल्कि कारण है कि राज्य में एक ऐसी सुदृढ़ और उद्देश्यपूर्ण सरकार का उदय हुआ है जिसने अपनी नीतियों की स्पष्ट व्याख्या की है, जिसने अपने कार्य की प्राथमिकताओं केा ठीक प्रकार से निश्चित किया है और जिस ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये दृढ़ निश्चय के साथ कदम उठाये हैं। पिछले अढ़ाई वर्षों में प्राप्त की गई सफलताआं की गति को यदि हम बनाये रख सकें तो वह दिन दूर नहीं जबकि बेकारी, गरीबी और पिछड़ेपन के विरूद्ध उठाई गई यह लड़ाई

वास्तव में जीती जा सकेगी। हमार प्रगति की मुख्य दिशा आर्थिक विकास के साथ–साथ एक ऐसे समाज के निर्माण की है जिस में हरेक को अपनी योग्यताएं प्रदर्शित करने का समान अवसर मिलेगा, जिसमें प्रत्येक को यह विश्वास होगा कि विकास की इन गतिविधियों में वह भी बराबर का भागीदार है। यह वह उद्देश्य है जिसे हमने प्रधान मंत्री के प्रेरणदायक नेतृत्व में अपनाया है। मुझे आशा है ि कइस दृष्टि से बनाये गये इन बजट प्रस्तावों को सफलतापूर्वक पूरा करने में हमें इस सदन का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

आभार स्वीकृति

अपना भाषण समाप्त करने से पहले में बजट तैयार करने के कार्य के लिये आयोजना तथा वित विभाग के सचित्र तथा विभाग के अन्य कर्मचारियों का धन्यवाद करना चाहुंगी। मैं हरियाणा के महालेखाकार और चंड़ीगढ़ प्रशासन तथा उनके कर्मचारियों द्वारा दिये गये सहयोग के लिये भी आभारी हूं।

श्रीमान्! अब मैं 1971–72 के बजट अनुमान प्रस्तुत करने की अनुमति चाहती हूं।

जय हिन्द।

Mr. Speaker: Now, the House stands adjourned till 2.00 P.M. to-day.

(The House then adjourned)